# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्पावत
## स्थित जिला न्यायालय भवन, चम्पावत

पी0एल0वी0 भर्ती विज्ञप्ति संख्याः– 01 /2026 दिनांकः–17.01.2026

कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्पावत के अन्तर्गत आने वाले सभी 05 तहसीलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्पावत के अंर्तगत विधिक जागरूकता एवं वास्तविक सहायता कार्यो हेतु कुल 35 पराविधिक स्वंयसेवियों (पी0एल0वी0)/अधिकार मित्रों के पदों पर चयन हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पहाड़ के दूरस्थ क्षेत्रों के निवासियों को जो अपने दुर्गम क्षेत्र की जनता की सेवा करना चाहते है, उनको प्राथमिकता दी जाएगी।

योग्यताः–

1. आवेदनकर्ता जनपद चम्पावत का निवासी हो।
2. आवेदनकर्ता की उम्र विज्ञापन की तिथि पर 25 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए तथा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण हो। किसी राजनितिक पद पर अथवा राजनितिक पार्टी का सदस्य न हों तथा उसके विरूद्ध फौजदारी वाद किसी भी न्यायालय में लंबित न हो, न ही मुकदमा चला हो अथवा सजा प्राप्त न हो। इस आशय का चरित्र शपथपत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. आवेदनकर्ता को सामान्यतः अंग्रेजी भाषा का भी ज्ञान होना चाहिए।
4. महिला/पुरूष/ट्रांसजेंडर कोई भी आवेदन कर सकता है।
5. पूर्व सैनिक कर्मियों/वन गुर्जर समुदाय के व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. सामाजिक कार्यकर्ता जो उपरोक्त योग्यता रखते हों।
7. अंतिम चयन व्यक्तिगत साक्षात्कार के उपरांत होगा।

अधिमानी अर्हताः–

आवेदनकर्ता को इंटरनेट संचालन तथा अपने पास स्मार्टफोन जिसमें इंटरनेट, नेटवर्क का संचालन हो, होना चाहिए साथ ही उसमें व्हॉटसऐप तथा इंटरनेट का प्रयोग करना आना चाहिए। जिस क्षेत्र के सापेक्ष आवेदन किया जायेगा, उसी क्षेत्र में निवास हो तथा कार्य करना होगा।

मानदेयः–

पी0एल0वी0 को प्रत्येक माह में प्राधिकरण द्वारा दिये गये कार्यो तथा लोगों को वास्तविक सहायता कार्यो के एवज में रू0 750/– प्रतिदिन, मानदेय नियमानुसार देय होगा (विधिक सेवा कार्यो के प्रमाण फोटो/विडियो साक्ष्य देने पर केवल अधिकतम कार्य दिवस 20 दिन)।

आवेदन प्रक्रियाः–

इच्छुक आवेदनकर्ता आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्पावत अथवा जिला न्यायालय की वेबसाईट https://champawat.dcourts.gov.in से डाउनलोड कर कार्यालय में स्वयं कार्य दिवस पर सांय 03:00 बजे तक जमा कर सकते है अथवा डाक द्वारा जमा कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि–18 फरवरी, 2026 समय सांय 05:00 बजे तक है। आवेदनकर्ता लिफाफे के ऊपर अपनी तहसील का वर्णन अवश्य करें। चयन प्रक्रिया में अंतिम निर्णय केवल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्पावत का होगा और इस संबंध में कोई भी प्रत्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा। नियुक्ति की प्रकृति पूरी तरह अस्थायी एवं कार्य आधारित होगी।

**नोट**– अपूर्ण या विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्पावत के फोन नम्बर–**9456362650, 05965230915** ईमेल–आईडी–**dlsachp5@gmail.com** पर संपर्क करें। साक्षात्कार की तिथि की जानकारी कार्यालय की वेबसाईट पर दी जाएगी।

17/01/2026.

(भवदीप सिंह रावते)
सिविल जज (सी0डि0)/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
चम्पावत।

**नोट– संपादक हिंदुस्तान समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित की उक्त विज्ञापन को प्रकाशित करवायें तथा कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्पावत को बिल उपलब्ध करवायें।**

17/01/2026.

सचिव/सिविल जज (सी0डि0)
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
चम्पावत

# पराविधिक स्वंयसेवी (P.L.V.) के चयन हेतु आवेदन पत्र

विज्ञप्ति संख्या 01 /जि0वि0से0प्रा0, चम्पावत/चयन पी0एल0वी0/2026 दिनांकित 17/01/26 के क्रम में निर्धारित प्रारूप में आवेदक का आवेदन पत्र निम्नवत प्रस्तुत है।

अभ्यर्थी/अभ्यर्थनी की स्वप्रमाणित नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज की फोटोग्राफ

1. अभ्यर्थी/ का नाम (हिन्दी में अभ्यर्थनी )................................................................
(अंग्रेजी कैपिटल लैटर में)................................................................
2. पिता/पति का नाम................................................................
3. स्थाई पता................................विकास खण्ड..................तहसील..................पटवारी क्षेत्र..................थाना..................जिला..................
4. वर्तमान पता................................................................
5. जन्म तिथि..................(DD-MM-YYYY)..................उम्र..................
6. लिंग–( )महिला/( )पुरूष/( )ट्रांसजेंडर (कृपया सही का निशान लगायें)
7. जाति................................................................(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. मोबाईल नम्बर (व्हाटसएप नम्बर भी दर्ज करें)................................................................
9. ई–मेल आई डी ................................................................
10. आधार संख्या–................................................................(स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)
11. शैक्षिक योग्यता................................................................(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
12. वर्तमान पेशा/कार्य................................................................
13. आवेदक किस स्तर पर कार्य करने का इच्छुक है..................जिला स्तर..................तालुका स्तर..................ग्राम स्तर
14. अनुभव यदि कोई हो तो................................................................(प्रमाण पत्र संलग्न करें)
15. पूर्व सैन्य कर्मी– हाँ ( ) अथवा नहीं ( )
16. आवेदनकर्ता यदि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चम्पावत अथवा न्यायालय कर्मचारियों से संबंधित हों अथवा पहले से कार्य कर रहे पी0एल0वी0गण से रक्त संबंधी है तो उसकी जानकारी–हाँ ( ) अथवा नहीं ( )

**घोषणाः– यह कि मैं, निःस्वार्थ भाव से समाज के कमजोर वर्गो, गरीबों, पिछ्डों व महिलाओं तक निःशुल्क कानूनी जानकारी पहुंचाने हेतु समर्पित भाव व स्वेच्छा से पराविधिक स्वंयसेवी के रूप में कार्य करने का/की इच्छुक हूं। यह कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में भरे गये समस्त विवरण मेरी जानकारी व विश्वास में पूर्ण एवं सत्य है, यदि कोई सूचना असत्य, अपूर्ण या छुपाई गयी पायी जाती है, तो मेरा चयन निरस्त कर दिया जाये तथा मैं कानूनी कार्यवाही के लिए उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी।**

दिनांकः

आवेदक के हस्ताक्षर